# Aluminium Stocks: गिरते बाजार में सोने की तरह चमके ये मेटल स्टॉक्स; NALCO, Hindalco और Vedanta में दिखी 6% तक की तेजी

Aluminium Stocks: मिडिल ईस्ट में बढ़ते टेंशन और सप्लाई बाधित होने की आशंका से एल्युमिनियम की कीमतों में तेज उछाल आया है। इसका फायदा भारतीय कंपनियों NALCO, Hindalco और Vedanta को मिला, जिनके शेयरों में 5-6% तक तेजी दिखी।

**Authored by:** Kumar Surya
Updated Mar 30, 2026 12:43 IST




Aluminium Stocks: गिरते बाजार में एल्युमिनियम स्टॉक्स में सोमवार को 6% की तेजी देखने को मिली है...

| | | | |
|---|---|---|---|
| **हाइलाइट्स** | भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को एक बार फिर से तेज गिरावट आई है। | हालांकि, इस गिरावट के बीच भी मेटल स्टॉक्स में हल्की तेजी देखने को मिली। | खासकर एल्युमिनियम कंपनियों के शेयरों में जोरदार तेजी आई। |

*Aluminium Stocks* : भारतीय शेयर बाजार में सोमवार को एक बार फिर से तेज गिरावट आई है। बेंचमार्क इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में 1.3% से ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। हालांकि, इस गिरावट के बीच भी मेटल स्टॉक्स में हल्की तेजी देखने को मिली। खासकर एल्युमिनियम कंपनियों के शेयरों में जोरदार तेजी आई। *NALCO* करीब 6% चढ़ गया, जबकि *Hindalco* और *Vedanta* में लगभग 5% की तेजी दर्ज हुई।

## मिडिल ईस्ट टेंशन बना बड़ा ट्रिगर

एल्युमिनियम कंपनियों के शेयर में इस उछाल के पीछे सबसे बड़ा कारण मिडिल ईस्ट में बढ़ता जियो-पॉलिटिकल टेंशन है। ईरान द्वारा क्षेत्र के दो बड़े एल्युमिनियम उत्पादन केंद्रों पर हमले की खबरों ने सप्लाई को लेकर चिंता बढ़ा दी है। अबू धाबी स्थित Emirates Global Aluminium ने अपने प्लांट को 'गंभीर नुकसान' होने की बात कही है, जबकि Aluminium Bahrain भी अपने प्लांट के नुकसान का आकलन कर रही है। ये दोनों कंपनियां वैश्विक एल्युमिनियम सप्लाई में अहम भूमिका निभाती हैं, ऐसे में किसी भी तरह का व्यवधान कीमतों को ऊपर धकेलना तय है।

## सप्लाई चेन पर बढ़ता दबाव

मामला सिर्फ हमलों तक सीमित नहीं है। मिडिल ईस्ट से एल्युमिनियम की सप्लाई पहले ही बाधित हो रही है, क्योंकि Strait of Hormuz जैसे अहम समुद्री मार्ग पर अनिश्चितता बढ़ गई है। यह क्षेत्र दुनिया की कुल एल्युमिनियम सप्लाई का करीब 9% योगदान देता है।

recommended by mgid

Brand Study

SUBSCRIBE TO NEWSLETTER
ENTER YOUR EMAIL ID
Get the latest financial news and personalised updates to stay ahead of the rest!

लेटेस्ट न्यूज »



25 minutes ago
**Investors Wealth: ईरान जंग के चलते बाजार में निवेशकों के 51 लाख करोड़ डूबे, ...**


37 minutes ago
Credit Card Users Alert: 1 अप्रैल से बदलेंगे नियम, क्रेडिट कार्ड से ₹2 लाख का भुगतान पड़ेगा...



25 minutes ago
चांदी का भाव आज, 30 मार्च 2026: हफ्ते के पहले दिन सस्ता हुआ सिल्वर का रेट! जानें पटना,...



51 minutes ago



DELTA EXCHANGE: CRYPTO
From Beginner To Pro—Trade With Ease
Everything you need to grow your portfolio
LEARN MORE


Aluminium Bahrain ने पहले ही अपनी उत्पादन क्षमता का करीब 19% हिस्सा बंद कर दिया था, और अब नए नुकसान के बाद स्थिति और बिगड़ सकती है। यानी सप्लाई घट रही है, जबकि मांग स्थिर बनी हुई है। ऐसे में कीमतों का बढ़ना स्वाभाविक है।

**ये भी पढ़ें:**
***[RBI के एक कदम से रुपया हुआ 122 पैसा मजबूत, लेकिन बैंकिंग सेक्टर पर मंडराया ₹4000 करोड़ के नुकसान का खतरा? बैंकों के शेयर हुए धड़ाम](#)***

### ग्लोबल कीमतों में उछाल ने बदली तस्वीर

इस तेजी की जड़ सीधी-सीधी ग्लोबल मार्केट में छिपी है। लंदन मेटल एक्सचेंज (LME) पर एल्युमिनियम की कीमतों में करीब 6% की उछाल आई और भाव $3500 प्रति टन के करीब पहुंच गए, जो पिछले चार साल का उच्च स्तर है।

कमोडिटी मार्केट में जब इतनी तेज मूवमेंट आती है, तो उसका असर सीधे उन कंपनियों पर दिखता है जो इस धातु का उत्पादन करती हैं। यही वजह है कि भारतीय एल्युमिनियम कंपनियों के शेयरों में भी तेज खरीदारी देखने को मिली।

**ये भी पढ़ें:** ***GIFT Nifty: मार्केट खुलने से पहले ही बता देता है बाजार का मूड, आखिर कैसे काम करता है गिफ्ट निफ्टी?***

### भारतीय कंपनियों को क्यों मिल रहा फायदा?

दिलचस्प बात यह है कि जहां वैश्विक स्तर पर संकट दिख रहा है, वहीं भारतीय कंपनियों के लिए यह एक अवसर बनकर उभरा है। NALCO, Hindalco और Vedanta जैसी कंपनियां इस समय ऊंची कीमतों का फायदा उठा सकती हैं। जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमतें बढ़ती हैं, तो निर्यात करने वाली कंपनियों के मार्जिन बेहतर होते हैं। यही कारण है कि निवेशक इन स्टॉक्स में तेजी से पैसा लगा रहे हैं।

**Disclaimer: ये आर्टिकल सिर्फ जानकारी के लिए है और इसे किसी भी तरह से इंवेस्टमेंट सलाह के रूप में नहीं माना जाना चाहिए। ET NOW Swadesh अपने पाठकों और दर्शकों को पैसों से जुड़ा कोई भी फैसला लेने से पहले अपने वित्तीय सलाहकारों से सलाह लेने का सुझाव देता है।**

*पढ़ें बिजनेस न्यूज़, पर्सनल फाइनेंस ,अन्य देश से जुड़ी ब्रेकिंग न्यूज़ और पाएं स्टॉक मार्केट के अपडेट हिंदी में और देखें छोटी बड़ी बिजनेस और शेयर बाज़ार से संबंधित सभी न्यूज़ ET Now Swadesh Live TV पर।*

संबंधित खबरें

SWP के लिए टॉप परफॉर्म करने वाले 5 इक्विटी फंड, 5 साल में 25 से 27% CAGR, रिटर्न के साथ ह...



50 minutes ago
आज का सोने का भाव 30 मार्च 2026: हफ्ते के पहले दिन सस्ता हुआ गोल्ड रेट, क्या है आपके शह...



टॉप वीडियो




Commodity Market: मज़बूत जॉब रिपोर्ट से फिसला Gold, चांदी में सुस्ती, जानिए सोने-चांदी में क्या करें?




Midcap Masala: Ashok Leyland, Godawari Power समेत किन मिडकैप स्टॉक्स से मिलेगा लाभ कमाने का मौका?

ADVERTISEMENT